nt>

Title: Need to provide stoppage of Indore-Narmada Express at Salka road and Durga-Bhopal-Amarkantak Express at Bilgahja in Balaspur constituency, Chattisgarh - Laid

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर): मान्यवर, छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के सल्का रोड रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस फास्ट पैसेंजर 34 अप एवं इंदौर से बिलासपुर फास्ट पैसेंजर 33 डाउन ट्रेन नहीं रूकती है। जबकि कटनी से बिलासपुर तक सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर उक्त दोनों ट्रेन रूकती है। इसी तरह दुर्गा भोपाल अमर कंटक एक्स को बेलगहजा रेलवे स्टेशन में स्टापेज होना अनिवार्य है। रेलवे स्टेशन सल्का रोड एवं बेलगहजा के आसपास कई गांव हैं, यहां से यात्रियों को बिलासपुर तथा कटनी की ओर आने-जाने के लिए सुबह 7.30 बजे के बाद कोई ट्रेन सुविधा नहीं है। यह क्षेत्र अनुसूचित जाति एवं आदिवासी बाहुल्य है।

अतः केन्द्र सरकार से निवेदन है कि यात्रियों की सुविधाओं हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के उक्त दोनों ट्रेन 34 अप और 33 डाऊन ट्रेन नर्मदा एक्सप्रेस को सब्का रोड में स्टापेज एवं दुर्गा-भोपाल अमर कंटक एक्सप्रेस को बेलगहजा स्टेशन में स्टापेज करने की दया करें ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।